**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

संख्या- 67 /06/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2021-23/04-परीक्षा/2018
लखनऊ : दिनांक : 10 अगस्त, 2023

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2018, सम्मिलित अवर अभियन्ता, संगणक एवं फोरमैन (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अंतर्गत लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 4568 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक मा0 आयोग के अनुमोदनोपरान्त दिनांक 05-08-2023 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था।

विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2018 के अंतर्गत लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 4568 अभ्यर्थियों का अर्हता/ अभिलेख परीक्षण निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** स्थित कार्यालय में आयोजित किया जाएगा-

| क्र.सं. | तिथि | अभ्यर्थियों की संख्या (प्रथम पाली- प्रात: 10:00 बजे ) | अभ्यर्थियों की संख्या (द्वितीय पाली- अपराह्न 01:30 बजे ) | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22-08-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 2 | 23-08-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 3 | 24-08-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 4 | 25-08-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 5 | 26-08-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 6 | 28-08-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 7 | 29-08-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 8 | 01-09-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 9 | 02-09-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 10 | 04-09-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 11 | 05-09-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 12 | 06-09-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 13 | 11-09-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 14 | 12-09-2023 | 160 | 160 | 320 |
| 15 | 13-09-2023 | 88 | - | 88 |
| कुल | | | | **4568** |

तदनुक्रम में अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित समस्त 4568 अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र तथा वरीयता प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage

पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही अपने Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र तथा वरीयता प्रपत्र डाउनलोड कर सकेंगे।
अर्हता/ अभिलेख परीक्षण के समय समस्त अभ्यर्थियों के सभी शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं उनकी छायाप्रतियों, पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटोग्राफ के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्रों तथा वरीयता प्रपत्र की मुद्रित प्रतियों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** में अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। **अभ्यर्थियों से यह अपेक्षित है कि वह अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड इत्यादि) की मूलप्रति एवं छायाप्रति अवश्य लेकर उपस्थित हों।**

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि किसी उचित कारण से यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 13-09-2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक आयोग कार्यालय में दी जाती है तो आयोग की अनुमति के उपरान्त उसे दिनांक 13-09-2023 की द्वितीय पाली (अपराह्न 01.30 बजे) में अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उक्त तिथि के अतिरिक्त अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

10/08/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।